# मरीन हीट वेव से 4 मिलियन मुररे समुद्री पक्षियों की मृत्यु

**स्रोत: बी.बी.सी**

**"द ब्लॉब"** नामक **मरीन हीट वेव (MHW)** से वर्ष 2014 और 2016 के बीच **अलास्का के 4 मिलियन कॉमन मुररे समुद्री पक्षियों** की मृत्यु हुई है।

- यह **जंगली पक्षी या स्तनपायी** की किसी एक प्रजाति की **सबसे बड़ी प्रलेखित** मृत्यु है।
- **कॉमन मुररेस:** ये **काले और सफेद रंग के समुद्री पक्षी** हैं (जिन्हें अक्सर **"उड़ने वाले पेंगुइन" के रूप में वर्णित** किया जाता है) जो दिखने में कुछ हद तक **पेंगुइन जैसे होते हैं,** जो अलास्का में **सबसे अधिक संख्या में पाए** जाने वाले समुद्री पक्षियों में से हैं।
  - वे उत्तरी गोलार्द्ध में **सबसे अधिक गहराई** तक गोता लगाने वाले पक्षी हैं जो 600 फीट गहराई तक गोता लगा सकते हैं।
  - **IUCN स्थिति: कम चिंताजनक** .

//

- **मरीन हीट वेव (MHW):** यह स्थिति तब विकसित होती है जब समुद्र के किसी विशेष क्षेत्र का **सतही तापमान कम-से-कम पाँच दिनों** तक औसत तापमान से **3 या 4 डिग्री सेल्सियस अधिक** हो जाता है।
  - MHW कई **सप्ताह, महीनों या वर्षों तक चल** सकता है।
  - MHW समुद्री घास के जंगलों को नष्ट कर देते हैं, क्योंकि केल्प्स (उथले पानी में पानी के नीचे के पारिस्थितिकी तंत्र) आमतौर पर ठंडे पानी में उगते हैं।
  - **आमतौर पर ठंडे पानी** में उगते हैं।

## अलास्का:

- क्षेत्रफल की दृष्टि से अलास्का अमेरिका का सबसे बड़ा राज्य है।

- इसकी सीमा **उत्तर में आर्कटिक महासागर, पूर्व में कनाडा, दक्षिण में प्रशांत महासागर** तथा **पश्चिम में बेरिंग जलडमरूमध्य के माध्यम से रूस** से लगती है।
  - मूलतः रूस का हिस्सा रहे अलास्का को वर्ष 1867 में अमेरिका ने खरीद लिया था।
- यह क्षेत्र तेल, प्राकृतिक गैस और खनिजों से समृद्ध है।

**और पढ़ें:** [आर्कटिक महासागर में समुद्री हीटवेव]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/marine-heat-wave-killed-4-million-murre-seabirds